आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 01.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र की हंगामेदार शुरूआत–भारी शोरगुल के बीच पक्ष–विपक्ष में आरोप–प्रत्यारोप।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात–दोनों नेताओं ने विश्व शांति के लिए आपसी सहयोग पर ज़ोर दिया।
- राज्य में अब तक 22 जिलों में असामान्य मॉनसूनी बारिश–वहीं 17 ज़िलों में सामान्य से अधिक बरसात हुई।
- प्रदेश के नगरीय निकायों में स्ट्रीट लाइट्स की संख्या बढ़ाकर दो लाख की जाएगी।

000

राज्य विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शुरू हुआ। इसकी शुरूआत भारी हंगामे और आरोप–प्रत्यारोप के साथ हुई। पक्ष और विपक्ष के बीच कई बार तकरार और नोक–झोंक हुई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्षी सदस्यों की ओर से किये गये शोर–शराबे पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए।

..............

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सत्ता पक्ष पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया और इस पर आक्रामक रुख अपनाते हुए सदन में तख्तियां लहराईं। पत्रकारों से बातचीत में श्री जूली ने कहा कि सदन में विपक्ष की आवाज़ को दबाया जा रहा है।

..............

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से बातचीत में विपक्ष के रवैये की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने सदन की मर्यादा को तोड़ा है।

..............

विधानसभा में भारी हंगामे के बीच ही जीएसटी द्वितीय संशोधन विधेयक 2025, कारखाना राजस्थान संशोधन विधेयक 2025 और राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अध्यादेश 2025 सदन में रखे गये। इसके अलावा राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 को दोबारा सदन में रखा गया। यह विधेयक पिछले सत्र में पेश किया गया था जिसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था।
सत्र के पहले दिन आज सदन में शोकाभिव्यक्ति हुई। पिछले दिनों दिवंगत हुए विशिष्टजनों, आतंकवादी हमले, विमान हादसे और प्राकृतिक आपदाओं में मारे गये लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद विधानसभा की कार्रवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच आज वार्ता हुई। इसमें आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर विचार–विमर्श किया गया। दोनों नेताओं के बीच शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के बाद चीन के तियानज़िन में ये मुलाकात हुई। इस दौरान वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस हमेशा एक–दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति, स्थिरता और खुशहाली के लिए भी दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग बहुत जरूरी है।

..............

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की सदस्य मंजू शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को भेजे पत्र में उन्होंने सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और शुचिता का हवाला दिया। इस बीच, राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती पेपरलीक मामले में आज आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामू राम राइका सहित 23 लोगों को ज़मानत दे अदालत ने 29 आरोपियों की ज़मानत खारिज भी की है।

000

प्रदेश के 22 जिलों में अब तक असामान्य बारिश हुई। वहीं 17 जिलों में सामान्य से अधिक बरसात हुई है। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी आंकड़ो के अनुसार एक जून से आज तक केवल बाड़मेर और सलूम्बर में सामान्य वर्षा रिकॉर्ड की गई है। अत्यधिक बरसात से प्रदेश के जल स्त्रोत करीब 85 प्रतिशत भर गये हैं।

इस बीच, आज भी अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, पाली, चूरू और सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बरसात का सिलसिला बना रहा। जयपुर के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों नरैना, दूदू, सांभर, फुलेरा में लगातार तेज बारिश से निचले इलाकों मेंकई जगह पानी भर गया। पाली के गजनाई और कंटालिया बांध के ओवर फ्लो होने से सवराड़ और सुकड़ी नदी उफान पर हैं। खतरे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सोजत, सिरियारी स्टेट हाईवे और बगड़ी सड़क मार्ग बंद

कर दिया है। जवाई बांध में पानी की आवक लगातार जारी है। वहीं बांसवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि माही डैम के आठ गेट से अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है।

...............

प्रतापगढ़ जिले के जाखम बांध के भी गेट खोल दिये गये हैं। सवाईमाधोपुर जिले के 18 में से 16 बांधों पर चादर चल रही है। अजमेर में श्रीनगर के बालद का दड़ा तालाब में करीब 50 साल बाद इस बार चादर चली। आना सागर और वरूण सागर झील में भी तेजी से पानी की आवक बनी हुई है। सिरोही का बनास बांध ओवर फ्लो हो गया है।

आने वाले दिनों में ज्यादातर स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज अलवर झुंझुनूं, खैरथल–तिजारा और कोटपूतली–बहरोड़ में भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट बताया है। वहीं 29 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में सितम्बर महीने में ज्यादातर स्थानों पर सामान्य या सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज होने की संभावना है।

000

राज्य सरकार हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए कई कदम उठा रही है। इससे व्यापार निवेश, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। एक रिपोर्ट–

000

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इनकी संख्या एक लाख से बढ़ाकर अब दो लाख की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया।

नगरीय क्षेत्रों में रात्रिकालीन सुरक्षा, यातायात की बेहतर व्यवस्था और ऊर्जा बचत को देखते हुए ये कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने त्यौहारी सीज़न को देखते हुए ये काम दिपावली से पहले शुरू करने के निर्देश दिये हैं। स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन ने बताया कि राज्य के 312 नगरीय निकायों में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए पुरानी और कमज़ोर लाइटों को हटाकर नई एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभाग 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान चलाएगा। इसके तहत सभी नगरीय निकायों में नई स्ट्रीट लाइट संबंधी काम किये जाएंगे।

000

डीग जिले के कुम्हेर में कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से सहजन के चार हजार पौधे तैयार किये जा रहे हैं। औषधीय गुणों और पोषक तत्वों से भरपूर इन पौधों को ग्रामीणों में बांटा जा रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया कि लोगों को इसके फायदे बताते हुए इसे खान–पान में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

000

गोगा नवमी के अवसर पर आज गोगाजी मंदिरों में विशेष सजावट की गई और कई स्थानों पर भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है। वहीं तेजा दशमी और लोकदेवता रामेदव जयंती कल मनाई जाएगी।

000